E-mail

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**सं0 सं0** : 03/भू0अ0नि0 (4) संविदा आ0 (समस्तीपुर)–03/2025...4127...**पटना, दिनांक** : 21/07/2025

## आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, समस्तीपुर का पत्रांक 1944 दिनांक 17.12.2024 द्वारा सुश्री/श्रीमती श्वेता कुमारी (AEN11719), विशेष सर्वेक्षण अमीन के विरुद्ध योगदान के पश्चात् दिनांक 11.07.2024 से 22.07.2024 तक प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अनुपस्थित रहने का आरोप प्रतिवेदित करते हुए अनुशासनिक कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी है।

प्रतिवेदित आरोप के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 671 दिनांक 10.02.2025 द्वारा सुश्री/श्रीमती कुमारी से स्पष्टीकरण की माँग की गयी है एवं इनके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण पर बन्दोबस्त पदाधिकारी से मंतव्य की माँग की गयी है। तदोपरान्त बन्दोबस्त पदाधिकारी, समस्तीपुर का पत्रांक 371 दिनांक 07.05.2025 द्वारा मंतव्य उपलब्ध कराया गया है।

बन्दोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त मंतव्य में उल्लेख किया गया है कि सुश्री/श्रीमती कुमारी द्वारा अवकाश में जाने से पूर्व किसी प्रकार का न तो आवेदन समर्पित किया गया है और न ही अवकाश स्वीकृत कराया गया है। इस संदर्भ में निदेशालय आदेश संख्या 685 दिनांक 17.03.2022 के कंडिका–7 के आलोक में संविदा समाप्ति की अनुशंसा की गयी है।

सभी अभिलेखों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि विशेष सर्वेक्षण कार्य एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण किया जाना है। इनका इतनी लम्बी अवधि से अनुपस्थित रहने से इन्हें आवंटित कार्य बाधित हुआ है। इनका आचरण स्वच्छ संविदा कर्मी के सर्वथा प्रतिकूल है। इस परिपेक्ष्य में इनका संविदा समाप्त किया जाना समीचीन है।

अतः निदेशालय आदेश संख्या 685 दिनांक 17.03.2022 के कंडिका–7 के आलोक में "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियामवली, 2019 यथा संशोधित नियमावली, 2022" की कंडिका–08 (4) के तहत सुश्री/श्रीमती श्वेता कुमारी (AEN11719), विशेष सर्वेक्षण अमीन बन्दोबस्त कार्यालय, समस्तीपुर का संविदा नियोजन समाप्त किया जाता है।

18/7

**(जे0 प्रियदर्शिनी)**
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (4) संविदा आ0 (समस्तीपुर)–03/2025...4127...**पटना, दिनांक** : 21/07/2025

**प्रतिलिपि** : सुश्री/श्रीमती श्वेता कुमारी (AEN11719), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/7

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0 (4) संविदा आ0 (समस्तीपुर)–03 / 2025 4127 पटना, दिनांक : 21/07/2025

**प्रतिलिपि** : बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/7

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0 (4) संविदा आ0 (समस्तीपुर)–03 / 2025 4127 पटना, दिनांक : 21/07/2025

**प्रतिलिपि** : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R सॉफ्टवेयर के अन्तर्गत संबंधित कर्मी की व्यक्तिगत संचिका में संधारित करने हेतु प्रेषित।

18/7

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप